**NEWS CLIPPING: 29.01.2020**

## HINDUSTAN



जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में मंगलवार को गणित विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथि। ● हिन्दुस्तान

# इंजीनियरिंग में गणित का महत्व

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में मंगलवार को गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। गणित विभाग के हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया।

डॉ. नीतू गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद बतौर मुख्य वक्ता आईआईटी रुड़की से आए प्रो. संदीप बनर्जी ने संबोधित करते हुए कहा कि गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**NEWS CLIPPING: 29.01.2020**

## NAVBHARAT TIMES

### 'इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं का आधार है गणित'



■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के गणित विभाग की तरफ से हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार व प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। गणितीय मॉडलिंग व सिमुलेशन विषय पर आधारित इस कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। छात्रों में गणित विषय के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सिटी व अन्य शिक्षण संस्थानों के लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने अकादमिक विषय के रूप में गणित के महत्व पर बल दिया व छात्रों को गणित के व्यापक दायरे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं का प्रमुख आधार गणित ही है। आईआईटी रुड़की के प्रफेसर संदीप बनर्जी ने कहा कि गणितीय मॉडलिंग व सिमुलेशन इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर गणित विभाग की अध्यक्ष नीतू गुप्ता, वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक डॉ. परमजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## NAVBHARAT TIMES

### YMCA में जागरूकता कार्यक्रम

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : युवाओं को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को एचआईवी/एड्स से बचाव व रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। इसकी अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने की। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अखिल महाजन, पंकज नागर ने छात्रों के साथ एड्स को लेकर संवाद किया। मौके पर यूनिवर्सिटी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर के साथ स्टाफ के अन्य सदस्य व छात्र मौजूद थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 29.01.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# तकनीकी समस्याओं के समाधान में गणित की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो. दिनेश

## गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन' पर वर्कशॉप आयोजित हुई

**भास्कर न्यूज़** | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गणित के विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं से तकनीकों तथा इंजीनियरों के साथ ज्ञान साझा करते हुए वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बहुविषयक शोध एवं नवाचार के लिए भी प्रेरित किया।

कुलपति मंगलवार को गणित विभाग की ओर से हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन सत्र में आईआईटी रुड़की के प्रो. संदीप बनर्जी मुख्य वक्ता थे। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की गणित विषय में रुचि विकसित करना है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस दौरान कुलपति ने अकादमिक विषय के रूप में गणित के महत्व पर बल दिया और विद्यार्थियों को गणित के व्यापक दायरे के बारे में बताया।



**फरीदाबाद**। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**NEWS CLIPPING: 29.01.2020**

## PUNJAB KESARI.COM

# तकनीकी समस्याओं के समाधान में गणित की भूमिका महत्वपूर्णः दिनेश कुमार

**'गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला**

**फरीदाबाद**, राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गणित के विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं से तकनीकज्ञों तथा इंजीनियरों के साथ ज्ञान साझा करते हुए वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजने का आह्वान किया तथा बहुविषयक शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार आज गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग से 'गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र में आईआईटी रुडक्री के प्रो. संदीप बनर्जी मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर गणित की अध्यक्षा डॉ। नीतू गुप्ता भी उपस्थित थीं। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की गणित विषय में रुचि विकसित करना है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति ने अकादमिक विषय के रूप में गणित के महत्व पर बल दिया और विद्यार्थियों को गणित के व्यापक दायरे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं का प्रमुख आधार गणित ही है। उन्होंने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को गणितीय अनुसंधान में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इससे पहले, डॉ. नीतू गुप्ता ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य और विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, प्रो. संदीप बनर्जी ने कहा कि गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. बनर्जी ने गणितीय मॉडलिंग में शामिल अवधारणाओं पर प्रतिभागियों की रुचि जागृत की। उन्होंने इंजीनियरों तथा वैज्ञानिकों की रुचि के अनुरूप गणितीय तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. बनर्जी ने अपने संबोधन में जीव विज्ञान में विभिन्न प्रकार के गणितीय मॉडल जैसे कि प्री-प्रीडेटर, रूमर, लेजी-स्टूडेंट, आर्म-रेस, और ब्रेन ट्यूमर मॉडल इत्यादि पर बात की तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में बताया। इसके उपरांत वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक डॉ. परमजीत सिंह ने डेटा विज्ञान पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया और प्रतिभागियों को डेटा साइंस में करियर के अवसरों से अवगत कराया। कार्यशाला के अंतर्गत पोस्टर प्रस्तुति तथा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है।



दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य। (छाया: राकेश देव)